# स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस

# सेवा पखवाड़ा

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन (30.09.2025)




माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया श्रीमती आनंदी बेन पटेल जी की प्रेरणा से एवं विश्वविद्यालय के यशस्वी कुलपति प्रो० विनय कुमार पाठक के मार्गदर्शन में आज दिनांक 30 सितम्बर 2025, दिन मंगलवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस एवं प्रो० (डा०) संजय काला प्रधानाचार्य जी.एस.वी.एम. मेडिकल कॉलेज कानपुर एवं डा० लुबना खान विभागाध्यक्ष, डिपार्टमेन्ट ऑफ पैथोलॉजी, जी.एस.वी.एम. मेडिकल कॉलेज कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केन्द्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो० सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव श्री राकेश कुमार मिश्रा, हेल्थ साइंसेस निदेशक डा० मुनीश रस्तोगी, स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेस की निदेशक डा० शशि किरन मिश्रा, डा० अजय यादव, एसो० डीन एडमिन डा० दिग्विजय शर्मा, ने फीता काटकर किया।





इस अवसर पर माननीय प्रति कुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव श्री राकेश कुमार मिश्रा ने रक्तदाताओं को फल, प्रशस्ति पत्र पोषक आहार, जूस आदि देकर सम्मानित और उत्साहित किया। उन्होंने कहा स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस परिसर का एक महत्वपूर्ण संस्थान है जो स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित अनेकानेक निःशुल्क गतिविधयों को संचालित करने हेतु शिविरों का आयोजन करता रहता है। उन्होंने कहा स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस, स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेस एवं जी.एस.वी.एम. मेडिकल कॉलेज के निदेशक, सभी शिक्षकों, छात्र–छात्राओं और सहयोगियों को बहुत–बहुत हार्दिक शुभकामनायें देता हूँ।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री राकेश कुमार मिश्रा जी ने कहा कि रक्तदान एक महादान है जिससे लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से सहायता प्राप्त होती है हमें रक्तदान करना चाहिये और लोगों





**सीएसजेएमयू में 71 यूनिट रक्तदान**

कानपुर। स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस एवं जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के बैनर तले छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में मंगलवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। 71 यूनिट रक्तदान किया गया। इस दौरान प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव राकेश कुमार मिश्रा, हेल्थ साइंसेस के निदेशक डॉ. मुनीश रस्तोगी, जीएसवीएम के प्राचार्य डॉ. संजय काला, डॉ. शशि किरन मिश्रा आदि मौजूद रहे। (संवाद)



को रक्तदान करने के लिये जागरूक और प्रेरित करना चाहिये। हमें समाज से ये कलंक भी हटाना होगा कि रक्तदान करने के बाद लोगों को विभिन्न प्रकार की समस्यायें या रोग हो जाते हैं। हमारे देश में 5 करोड़ रक्त यूनिटों की आवश्यकता है जिसमें केवल 2.5 करोड़ ही हम लोगों को मिल पाता है।

संस्थान के निदेशक डा0 मुनीश रस्तोगी जी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया शिविर में संस्थान और विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों में द्वारा कुल 71 यूनिट रक्तदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के निदेशक ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, अधिकारियों, रक्तदाताओं, छात्र–छात्राओं आदि के प्रति आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम का संचालन संस्थान के सहायक आचार्य श्री विश्वदीप मिश्रा एवं सुश्री यस्वी गुप्ता ने किया।



## 'रोगियों को समय पर नहीं मिल पाता रक्त'

जासं, कानपुर : देश में हर साल आधे से ज्यादा रोगियों को समय पर रक्त नहीं मिल पाता है। इसकी वजह लोगों की रक्तदान करने में कोताही है, जबकि यह सबसे पुण्य कार्य है। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के कुलसचिव राकेश कुमार मिश्र ने मंगलवार को विश्वविद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर के उद्घाटन अवसर पर यह बात कही। शिविर में 71 यूनिट रक्तदान कराया गया। सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत विवि के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस एवं जीएसवीएम मेडिकल कालेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला एवं मेडिकल कालेज के डिपार्टमेंट आफ पैथोलाजी की विभागाध्यक्ष डा. लुबना की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के सहायक निदेशक डा० हिना वैश्य, श्री धीरज कुमार, श्रीमती नेहा शुक्ला, श्री चन्द्रशेखर कुमार, डॉ. अनामिका दीक्षित, सुश्री आमिना जैदी, डा० आदर्श कुमार श्रीवास्तव, श्री उमेश कुमार मौर्या, डॉ. अल्का कटियार, श्री संतोष कुमार यादव, श्री दयाशंकर रस्तोगी, डा० मोहित कुमार, सुश्री अन्नू वर्मा, सुश्री रेशू यादव, श्री अमिल अग्रवाल, श्री विनय कुमार शाह, सुश्री खुशबू अंजुम, श्री शिवम कुमार आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।